Ch-2 28/9/2022

Page No.:
Date: / /

★ **बोल्शेविक क्रान्ति** :— बोल्शेविक का अर्थ → रूसी में :— "बहुमत में से एक" है।
रूस में 'रशियन सोशल डेमोक्रेटिक लेबर पार्टी' मतभेद हो जाने के कारण दो गुटों में विभाजित हो गयी। बहुसंख्यक गुट 'बोल्शेविक' नाम से प्रसिद्ध हुआ। बोल्शेविकों के नेता लेनिन थे। बोल्शेविक पार्टी औद्योगिक मजदूरों की राजनीतिक पार्टी थी।

★ **मुक्ति संघर्ष** :— सन् 1957 में केरल में सत्ता से बेदखल होने पर कांग्रेस पार्टी ने निर्वाचित सरकार के खिलाफ 'मुक्ति-संघर्ष' छेड़ दिया। वहाँ कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार बनी थी। कम्युनिस्टों का कहना था कि इस संघर्ष का नेतृत्व स्वार्थी लोग और धार्मिक संगठन कर रहे हैं।

★ **इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम)** :—
वर्तमान चुनावों में इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का प्रयोग होता है। इसके द्वारा मतदाता उम्मीदवारों के बारे में अपनी पसन्द व्यक्त करते हैं। सन् 1990 के दशक के अन्त में चुनाव आयोग ने ईवीएम का इस्तेमाल शुरू किया। सन् 2004 तक सम्पूर्ण देश में ईवीएम का इस्तेमाल प्रारम्भ हो गया।

★ **इतिहास का सबसे बड़ा जुआ** :—
भारत में सार्वभौम व्यस्क मताधिकार प्रारम्भ हुआ, यह कार्य अपने आप में एक बड़ा जोखिम भरा प्रयोग था। इसी कारण एक भारतीय सम्पादक ने इसे 'इतिहास का सबसे बड़ा जुआ' करार दिया।

Page No.: PANKAJ
Date: / /

विभिन्न राजनीतिक दल

☆ केरल में कम्युनिस्टों की जीत :—

⇒ सन् 1957 के आम चुनाव में केरल में कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार बनी। सम्पूर्ण विश्व में यह पहला अवसर था जब लोकतांत्रिक चुनावों के माध्यम से एक कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार बनी।

⇒ 'मुक्ति संघर्ष' छेड़ दिया गया।

⇒ 1959 में अनुच्छेद 356 के अन्तर्गत केरल की सरकार को बर्खास्त कर दिया।

☆ सोशलिस्ट पार्टी :—

⇒ सन् 1934 में कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का गठन हुआ।

⇒ इसका गठन कांग्रेस के भीतर युवा नेताओं की एक टोली ने किया था।

⇒ कांग्रेस से सन् 1948 में अलग हुई यह पार्टी समाजवादी लोकतांत्रिक एवं समाजवाद की विचारधारा में विश्वास करती थी।

⇒ सोशलिस्ट पार्टी के कई टुकड़े हुए और कई दल बन गए।

☆ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया :—

⇒ सन् 1920 के प्रारम्भिक वर्षों में भारत के विभिन्न भागों में साम्यवादी समूह का उभार हुआ। ये रूस की बोल्शेविक क्रान्ति से प्रभावित थे।

⇒ 1951 में साम्यवादी पार्टी ने हिंसक क्रांति (तेलंगाना में) का रास्ता छोड़ दिया।

⇒ आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार और केरल में समर्थन मिला।

PANKAJ
Page No.:
Date: / /

★ भारतीय जनसंघ :—

⇒ सन् 1951 में भारतीय जनसंघ का गठन हुआ।

⇒ यह अपनी विचारधारा एवं कार्यक्रमों के कारण अन्य दलों से अलग था। यह दल 'एक देश, एक संस्कृति व एक राष्ट्र के विचार' पर बल देता था।

⇒ भारतीय जनता पार्टी की जड़े इसी जनसंघ में है।

★ स्वतंत्र पार्टी :—

⇒ सन् 1959 अगस्त में स्वतंत्र पार्टी अस्तित्व में आई।

⇒ स्वतंत्र पार्टी चाहती थी कि सरकार अर्थव्यवस्था में कम से कम हस्तक्षेप करें।

⇒ मुख्य रूप से जमींदार, राजे-महाराजे, उद्योगपति और व्यवसायी वर्ग ने स्वतंत्र पार्टी का समर्थन किया। इस पार्टी का सामाजिक आधार बड़ा संकुचित था। इस वजह से पार्टी अपना मजबूत सांगठनिक नेटवर्क खड़ा नहीं कर पाई।

★ PRI (इंस्टीट्यूशन रिवोल्यूशनरी पार्टी) :—(स्पेनिश में PRI)

⇒ इस पार्टी की स्थापना मैक्सिको में 1929 में हुई तथा लगभग साठ सालों तक शासन रहा।

⇒ संस्थापक – प्लूटार्को इलियास कैलस थे।

⇒ मूल रूप से PRI में राजनेता और सैनिक-नेता, मजदूर और किसान संगठन और अन्य हित संगठन था।

⇒ PRI के शासन को 'परिपूर्ण तानाशाही' कहा जाता है।

⇒ सन् 2000 में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में यह पार्टी हारी।